R.N.I.No. 22705 / 72

# सरस्वाणी

वर्ष: 52 अंक : 10 अक्टूबर 2022 विक्रम संवत् 2079 आश्विन लागत मूल्य : ₹ 6

माहेश्वरी प्रगति मण्डल - मुंबई
स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

युगचक्र
कल भी
आज भी

## मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

## मालाड उत्सव

**दिपावली स्नेहमिलन, मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन एवं समाजबन्धुओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम**

मुख्य अतिथि : डॉ. सत्यनारायणजी काबरा

Chairman & Managing Director, Plastiblends India Ltd. (A Kolsite Group Company)

**रविवार दि. 13 नवम्बर 2022 • सायं 5.30 बजे से**

**समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।**

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | मंत्री/संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | प्रमोदकुमार देवपुरा | नारायण मालपानी |
| मालाड क्षेत्रीय समिति | बजरंगलाल असावा | निखिल चाण्डक |
| मालाड महिला समिति | मीनू सोनी | ज्योत्स्ना सारडा |
| मालाड युवा समिति | राहुल हेडा | दिपिका टावरी |

**स्थल**
पावटे ग्राऊण्ड, बी.एल.मुरारका मार्ग, सुभाष लेन सर्कल, वैष्णोदेवी माता मंदिर के पास, मालाड (पू.)

More details P. 8

## घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**वार्षिकोत्सव, विद्यार्थी अभिनन्दन, दीपावली स्नेह मिलन एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम - रामाक्षरी**

मुख्य अतिथि : श्री वेंकटेशजी माहेश्वरी (माउंट एवरेस्ट के प्रथम माहेश्वरी विजेता)

**समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित है।**


| निवेदक | अध्यक्ष /अध्यक्षा | मंत्री/संयोजक / संयोजिका |
|---|---|---|
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | प्रमोदकुमार देवपुरा | नारायण मालपानी |
| घाटकोपर क्षेत्रीय समिति | स्वप्नेषु बसेर | नवनीत लोया |
| घाटकोपर महिला समिति | राजेश्वरी मोहता | मंजु गग्गड |
| घाटकोपर युवा समिति | पार्थ नावंदर | विनीत बियानी |

रविवार दि. 13 नवम्बर 2022 प्रात: 9.30 बजे

**स्थल**
श्रीमती भूरीबेन लक्ष्मीचन्द गोलावाला सभागृह
एस.एन.डी.टी. कॉलेज, घाटकोपर (प.)

More details P. 8

## केन्द्रीय युवा समिति एवं गोरेगांव क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित



# INDOOR GAMES 2022

Carrom / Chess / Badminton / Table Tennis

More details P. 5




## शिक्षा सहयोग समिति

मण्डल का वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह रविवार, दि. 8 जनवरी, 2023 को प्रातः 10 बजे षण्मुखानन्द सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र, स्वर्ण/रजत पदक एवम् नगद पुरस्कार प्रदान करके मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया जायेगा। निर्धारित फार्म/आवेदन पत्र मण्डल कार्यालय गिरगांव, अंधेरी भवन, बोरीवली प्लॉट, घाटकोपर भवन तथा मण्डल की वेबसाईट www.mumbaimaheshwari.com पर उपलब्ध है। कृपया इस फार्म को भरकर Self attested Marksheet संलग्न करके मण्डल कार्यालय गिरगांव भवन अथवा Email id : shikshasahayog@mpmmumbai.in पर भेजें। कृपया फार्म के साथ आपका सम्पूर्ण नाम, फोटो, पता, Email id एवम् Mobile number अवश्य भेजें। अन्य किसी कार्यालय/कार्यकर्ता अथवा Email id पर भेजे हुए फार्म पर विचार नहीं किया जायेगा।

**Please see Rules For Awarding Meritorious Students on page no. 15.**

बसंतकुमार चाण्डक - संयोजक - 98200 29920

## Updation of Member & Family Data

### Search & Verrify Your Member Data Online

www.mumbaimaheshwari.com/searchmembers

Step 1 : Visit the Above URL or Scan the Above QR Code.

Step 2 : Type your Name → Click on Search.

Step 3 : Member information will be Displayed.

Step 4 : If Mobile No. error/missing, contact your Kshetriya Sanyojak.

### Update Your Member & Family Data Online

www.mumbaimaheshwari.com/login

Step 1 : Visit the Above URL or Scan the Above QR Code.

Step 2 : Enter Your Contact Number → Click on Send OTP

Step 3 : Put Your OTP → Click on Sign in.

Step 4 : Update Profile Information & Family Data → Click on Submit

**SANGHTAN evam JANSEVA SAMITI & IT SAMITI**

प्रिय स्वजनों,
जय श्री कृष्ण।

## दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

बन्धुओं, नौ दिनों का माँ दुर्गा का नवरात्रि उत्सव व विजयादशमी का रावण दहन अर्थात असत्य पर सत्य की विजय का पर्व हम सभी ने मनाया है। रावण का वध करके प्रभु श्रीरामजी अयोध्या लौटे थे उनके स्वागत में दीपोत्सव का पर्व मनाया गया था। हमारी संस्कृति में उत्सवों एवम् त्यौहारों का बड़ा महत्व है, जिनको शास्त्रीय, सामाजिक व प्राकृतिक आधार है। दीपावली का पर्व त्यौहारों में सबसे बड़ा व महत्वपूर्ण है। दीपावली को मनाने की तैयारी दशहरे के पश्चात् घर में साफ सफाई करके एवम् घर को सुशोभित करके प्रारम्भ होती है। दीपावली संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, दीप + आवली। दीप का अर्थ दीपक हम जानते ही हैं और आवली का अर्थ है ''श्रृंखला'' अर्थात दीपावली का मतलब दीपों की अनेक पंक्तियां। कार्तिक मास की अमावस्या को राष्ट्रीय एकता की भावना को पुष्ट करने वाला यह त्यौहार सभी जाती व वर्ग के लोग सारे भारत वर्ष में हर्षोल्लास से मनाते हैं। वैसे तो कार्तिक कृष्ण एकादशी जिसे रमा एकादशी कहते हैं उसी दिन से दीपोत्सव का आरम्भ होता है और इसका समापन देवदिवाली अर्थात कार्तिक पूर्णिमा को होता है। दीपोत्सव मुख्य रूप से 5 दिवस मनाया जाता है जो निम्नानुसार है :

**धन्वन्तरी जयन्ती अर्थात धनतेरस** - आयुर्वेद के जनक, भगवान धन्वन्तरी की पूजा का यह दिन है। इस दिन नई चीजों की खरीददारी भी अधिक मात्रा में लोग करते हैं।

**नरक चतुर्दशी** - नारकीय जीवन से मुक्ति की आस्था का यह दिन है। प्रात: जल्दी उठकर स्नान, पूजा-पाठ करना इस दिन का महत्व है।

**लक्ष्मीपूजन** - लक्ष्मी माता का पूजन श्रीगणेश व माता सरस्वती के संग सायंकाल में दीप प्रज्ज्वलित करके किया जाता है। गणेशजी बुद्धि व विवेक और सरस्वती विद्या एवम् ज्ञान के प्रतीक है। भावार्थ यही है कि विद्या, बुद्धि और विवेक के अस्तित्व में ही लक्ष्मी (धन) का आगमन जीवन को सुख, शांति व समृद्धि से परिपूर्ण करता है।

**बलि प्रतिप्रदा एवम् गोवर्धन पूजन** - इस दिवस को नये वर्ष का प्रथम दिवस के रूप में भी मनाते है। खुशियाँ मनाते हुए आपस में मेल मिलाप व शुभकामना देने का यह दिन स्नेह मिलन के रूप में हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

**भैया दूज** - बहन भाई को टीका लगाकर उसकी आरती उतारती है। भाई द्वारा बहन की रक्षा का तथा बहन द्वारा भाई की मंगलकामना का यह दीपोत्सव का पांचवा दिन है, इसे यमद्वितीया भी कहते हैं।

हम सभी का विशेष रूप से नई पीढ़ी का वर्तमान जीवन व्यस्त, भागदौड़ वाला हो गया है। परन्तु त्यौंहार आते ही हम सब मिलकर उन रीति रिवाजों व परम्पराओं को उत्साह से निभाते हैं और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हैं। समूचा विश्व भारत की आदर्श संस्कृति को अपना रहा है।

बन्धुओं, हमारे युवाओं तथा बहनों ने नवरात्रि का पर्व गरबा रास जैसे कार्यक्रमों से मनाया। दक्षिण मुम्बई समिति द्वारा रक्तदान शिविर बहुत ही सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। 67 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, इससे 67 Donor Cards प्राप्त हुए हैं। जिनका उपयोग जरूरतमंद मरीज को खून प्राप्त करने के लिये किया जा सकता है एवम् एक Mini Blood Bank की तरह यह प्रकल्प अविरत चलाया जा सकता है।

दीपावली के इस पर्व पर खुशियों के दीप के साथ आपसी भाईचारा तथा मानवता की सेवा के संकल्प का दीपक अवश्य प्रज्ज्वलित करें इसी प्रार्थना के साथ, दीपोत्सव की ढेर सारी बधाईयाँ।

जय महेश

विनम्र

मुम्बई
दिनांक : 15 अक्टूबर 2022

प्रमोदकुमार देवपुरा (अध्यक्ष)

## अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

दीपावली स्नेहमिलन, मेधावी विद्यार्थी अभिनन्दन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शनिवार, 29 अक्टूबर 2022 सायं 6.30 बजे से**

**स्थल** माहेश्वरी भवन, अंधेरी

### रामायण फिर एक बार - लेके संग सुर और सार

**(समाज के कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति)**

मुख्य अतिथि : श्री. अनिलकुमारजी लाहोटी
**General Manager, Central Railway, Mumbai**

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | मंत्री/संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| माहेश्वरी प्रगति मण्डल | प्रमोदकुमार देवपुरा | नारायण मालपानी |
| अंधेरी क्षेत्रीय समिति | संदीप दमानी | ओमप्रकाश गांधी |
| अंधेरी महिला समिति | कान्ता मालपानी | सविता माहेश्वरी |
| अंधेरी युवा समिति | गौरी डागा | व्योम बिनानी |

मंजु भाला - कार्यक्रम संयोजिका - 90229 27614

1st to 4th Std. – A+ Grade & above
5th to 10th Std. (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) – 85% and above
आपसे निवेदन है कि वर्ष 2019-20,2020-21 एवं 2021-22 की मार्कशीट की Xerox copy, सम्पूर्ण नाम , मो.नं के साथ निम्नलिखित कार्यकर्ता के पास अन्तिम तिथि दि. 21/10/2022 तक भिजवा देवें।
बसन्ती करवा : 98216 95758, प्रेमा बिहानी : 98213 34271, सुप्रिया दरक : 99690 89300

कार्यक्रम के पश्चात् सशुल्क सहभोज की व्यवस्था की गयी है।

---

**रविवार दि. 30 अक्टूबर 2022 सायं 6.30 बजे**

## बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

### दीपावली स्नेहमिलन एवं अन्नकूट महाप्रसाद

### छप्पन भोग एवं रास गरबा



**स्थल :** माहेश्वरी प्रगति मण्डल, बोरीवली प्लॉट, लिंक रोड, बोरीवली (प.)

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।



| निवेदक | संयोजक/संयोजिका | | |
|---|---|---|---|
| बोरीवली क्षेत्रीय समिति | सुनिल नुवाल | - | 98200 57941 |
| बोरीवली महिला समिति | संगीता माहेश्वरी | - | 98207 13770 |
| बोरीवली युवा समिति | नेहा चिचाणी | - | 98192 95949 |



बिहारी लड्ढा - कार्यक्रम संयोजक - 93248 02027

---

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**गुरूवार दि. 3 नवम्बर 2022 सायं 6 बजे**

### दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट एवं भजन संध्या

**स्थल** माहेश्वरी भवन, गिरगांव

गायक : श्री कुन्दनजी मिश्रा

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।



| निवेदक | संयोजक/संयोजिका | | |
|---|---|---|---|
| दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति | रामअवतार चाण्डक | - | 93234 50502 |
| दक्षिण मुम्बई महिला समिति | दुर्गा चाण्डक | - | 99872 11044 |
| दक्षिण मुम्बई युवा समिति | पद्मिनी मालपानी | - | 90040 39085 |



# गोरेगांव क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

## दीपावली स्नेहमिलन, विद्यार्थियों का अभिनन्दन, अन्नकूट प्रसाद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम - म्युझिकल रामायण

वर्ष 2021-22 के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा।

$1^{ST}$ to $4^{th}$ Std. – Grade A+ & above

$5^{th}$ to $10^{th}$ Std. (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) – 85% & above

कृपया वर्ष 2021-22 की मार्कशीट की Self Attested Xerox Copy निम्नलिखित कार्यकर्ता के पास दि. 21 अक्टूबर 2022 के पूर्व भिजवा देवें या Whatsapp / Email पर भेज सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| नारायण सोनी | 93216 16453 | prem2soni@yahoo.com |
| हेमन्त बियानी | 98690 86370 | hemantbiyani@yahoo.com |
| सुनील बियानी | 98197 88989 | sunilnbiyani@gmail.com |
| पंकज गग्गड़ | 90225 76501 | pankajgaggar@gmail.com |
| सत्यनारायण मुन्दड़ा | 93222 49591 | snmoondra@hotmail.com |
| विनोद नत्थानी | 93221 12532 | nathani.vinod@gmail.com |
| शिवप्रकाश सारड़ा | 93222 65674 | ranjana.sarda@gmail.com |

रविवार 30 अक्टूबर 2022
सायं 5 बजे
स्थान : माहेश्वरी भवन, अंधेरी

**समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित है।** सुधीर कासट - कार्यक्रम संयोजक – 93214 00107

| निवेदक | अध्यक्ष / अध्यक्षा | | संयोजक / संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| गोरेगांव क्षेत्रीय समिति | गोपालकृष्ण मालपानी | 92232 61506 | विनय बियानी | 93244 21240 |
| गोरेगांव महिला समिति | सुनिता भट्टड | 98199 95116 | संगीता तोतला | 99695 45441 |
| गोरेगांव युवा समिति | आदित्य कासट | 88980 27988 | नन्दकिशोर दरक | 77100 41324 |


## केन्द्रीय युवा समिति एवं गोरेगांव क्षेत्रीय युवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित





# INDOOR GAMES 2022

Carrom / Chess / Badminton / Table Tennis





रविवार दि. 20 नवम्बर 2022 प्रात: 10.30 बजे से

**स्थल :** गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब (GSC)

- उपरोक्त प्रतियोगिताओं में मुम्बई के सभी समाजबन्धु सादर आमंत्रित हैं।
- Age group 9-15 years / above 15-40 years / above 40 years
- इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में मुम्बई को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

अधिक जानकारी एवं रजिस्ट्रेशन के लिये कृपया सम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| गौरव चिचाणी | केन्द्रीय युवा समिति संयोजक | 90222 40892 |
| शुभम भट्टड | कार्यक्रम संयोजक (KYS) | 82916 12305 |
| नन्दकिशोर दरक | गोरेगांव युवा समिति संयोजक | 77100 41324 |
| सौम्य तापड़िया | कार्यक्रम संयोजक (GYS) | 97681 18900 |

# प्रसन्नता का पैमाना

विश्व में प्रतिवर्ष 20 मार्च को World happiness day मनाया जाता है । इसके साथ ही वर्ष भर में कौन सा देश किस स्थान पर Happiness में रहा उसकी गणना व घोषणा की जाती है । इसके कुछ निश्चित पैमाने जैसे व्यक्ति की आय, रहन-सहन, शिक्षा, मनोरंजन, व्यक्तिगत स्वतन्त्रता, देश का सुशासन, नागरिक सुविधाएं व सुरक्षा, इत्यादी का समावेश होता है । 1 से 10 तक प्रत्येक निर्धारित क्षेत्र में अंक दिये जाते हैं व उसके आधार पर स्थान घोषित किये जाते हैं। हमारा देश कुल 149 देश की गणनाओं में 139 नम्बर पर है । एशिया महाद्वीप के अनेक देश हमसे आगे है । चूंकी हमारी जनसंख्या भी बहुत बड़ी है इसका असर भी परिणाम पर पड़ता है । लेकिन सिर्फ जनसंख्या अधिक है यह कहकर हम अपनी जिम्मेदारी से बाहर नही आ सकते । वास्तव में हम कहां खड़े हैं, क्या करते हैं,क़िस तरह जीवन जीते हैं, देश व मानवता के लिए कितना सहयोग करते हैं इन सब बातों पर न सिर्फ ध्यान देना होगा बल्कि अपना कर्तव्य भी ईमानदारी से निभाना होगा । तब ही हम प्रसन्नता के पैमाने पर ऊँचें उठ सकेंगे ।

हमारा माहेश्वरी समाज देश के अग्रणीय समाजों में से एक है । हमें व्यापारिक, संगठित, सुसंस्कृत व सेवाभावी समाज माना जाता है । हमारे पूर्वजों ने वाकई समाज, राष्ट्र व मानवता के लिए बहुत कार्य किये । 'सादा जीवन - उच्च विचार' की भावना के साथ उन्होंने जीवन जिया तभी तो ''खूब कमाया-कम खाया-सेवा में लगाया'' इस मूलमंत्र को अपनाया । गांव गांव में कुएं, बावड़ी, गौशालाएं. धर्मशालाएं, स्कूल, कॉलेज, अतिथिगृह, अस्पताल बनाएं व सेवा के अनेक कार्य निरन्तर करते रहे। उनके जीवन की खुशियां, रिश्ते-नातों में मेल-जोल बढ़ाना, एक दूसरे को सहयोग करना, संतुलित व संस्कारी जीवन शैली में जीना ही थी। सम्भवत: उस समय प्रसन्नता का पैमाना मापा जाता तो हमारे पूर्वज व हमारा समाज शीर्ष स्थान पर आता ।

आज प्रसन्नता का पैमाना पूरी तरह बदल गया है। व्यक्ति ने स्वयं के लिए कमाना, खाना पीना, घूमना-फिरना, भव्यता, विलासता, पद-प्रतिष्ठा व मैं और मेरे बच्चों तक खुद को सीमित कर लिया है । परिवार से परे जाने व समाज के प्रति उदासीनता के भाव उभरने लगे हैं । हमारे अधिकार क्या है, इसके प्रतिपूर्ण जागरूकता है पर कर्तव्य क्या है इसके प्रति उदासीनता है ।

वास्तव में इस समय जिन वस्तुओं व विचारों को हमने प्रसन्नता का पैमाना माना है वो सब धीरे धीरे उलझनों का आधार बनने लगे हैं । भौतिक सुख सुविधाओं ने शारीरिक अस्वस्थता को बढ़ा दिया है । मैं और मेरे बच्चों की मानसिकता से मानसिक अवसाद के नये नये रूप सामने आने लगे हैं । पैसा, पद, प्रतिष्ठा की होड़ में एक ऐसी दौड़ शुरू हो गई है ज़िसका अन्त निश्चित रूप से व्यक्ति, दाम्पत्य, परिवार व समाज में बिखराव उत्पन्न कर रहा है ।

'धन' जीवन की एक आधारभूत आवश्यकता है । इसके न होने से जीवन ठहर जाता है । अतैव यह होना ही चाहिये। प्रत्येक कर्मशील व्यक्ति को इसे पाने हेतु पूर्ण प्रयास करना चाहिए । लेकिन पैसा कैसे कमायें, कितना कमाये, कितना बचायें, कितना खर्च करें, किस पर खर्च करे अनेक प्रश्न बनते रहते हैं । ये हर व्यक्ति के अपने आचरण, कर्म व समझ पर निर्भर करता है की वो इन प्रश्नों को किस तरह सुलझाता है । जितना यह सत्य है कि पैसा प्रसन्नता देता है उतना ही यह भी सत्य है कि पैसे का समझदारी से उपयोग, सद्उपयोग नही किया जाय तो जीवन की अप्रसन्नता का सबसे बडा कारण भी यही बनता है । पैसो का ना समझी से किया गया उपयोग कर्ज, अभाव, कानूनी झगड़े झंझट, परि़वार में बिखराव, व सन्तान में कुसंस्कार लेकर आता है । अतैव पैसे से प्रसन्नता पाना हो तो इसे कमाना, बचाना, सही उपयोग करना व सत्कर्म में लगाना भी आना चाहिए ।

# प्रसन्नता पाने के सहज उपाय

## 1) सकारात्मक सोच बनायें –

जीवन में प्रसन्नता लानी हो तो सभी व्यक्तियों, घटनाओं व विचारों में सकारात्मकता का भाव उत्पन्न करें। जो हुआ वो अच्छा था और जो भी होगा वो अच्छा ही होगा जब ये भाव उत्पन्न होने लगते है तब सकारात्मकता अपने आप निर्मित होने लगती है । इन विचारों का अभ्यास नित प्रतिदिन करना होता है । एक बार जब ये विचार बन जाते हैं तब स्वत: ही हर घटना को व्यक्ति सकारात्मक रूप में समझने व देखने लग जाता है ।

## 2) सही जीवन शैली अपनायें -

जीवन का उद्देश्य क्या है, क्या पाना है, क्या खाना है, कहा जाना है, क्या करना है, किसके साथ रहना है, किस तरह जीना है । जब इन बातों का जवाब स्वयं को समझ आ जाए व स्वयं की आत्मा को सही लगने लगे तब प्रसन्नता ही नही सम्पूर्ण जीवन दर्शन समझ आने लगता है ।

## 3) वर्तमान में जीऐं -

प्रसन्नता की सबसे बड़ी कोई बाधा है तो वो चि़न्ता है । हमारी चिन्ता व चिन्तन भी अजीब है या तो हम जो बीत गया उसका स्मरण करते रहते है या फिर भविष्य में क्या होने वाला है उसकी कल्पना करके चिन्ता करते रहते है और इस तरह जीवन से प्रसन्नता को दूर कर देते है । बीत गया वो वापस नही आयेगा व भविष्य कोई जानता नही अतैव यदि हम वर्तमान में जीएंगे तो निश्चित रूप से प्रसन्नता को पायेंगे, जीवन को खुशियों से आगे बढ़ायेंगे । इसलिए यदि प्रसन्नता से जीवन जीना है तो वर्तमान में जीना सीखें ।

## 4) प्रसन्नता देवें

यदि प्रसन्नता पानी है तो प्रसन्नता देनी भी होगी । जीवन की यह सच्चाई है हम जितना संग्रह करते हैं उतने ही असुरक्षित होते व जितना बांटना सीख लेते हैं उतने ही प्रसन्न होते जाते हैं। भाग्य और पुरूषार्थ से जो भी हमें मिला है, उसमें दूसरों को हिस्सेदार बनाते है तो ना सिर्फ ईश्वरीय वरदान मिलता है बल्कि जीवन को नई ऊँचाईयां भी मिलती है व यह ऊँचाईयां वास्तव में आंतरिक प्रसन्नता प्रदान करती है । अतैव सिर्फ संग्रह नही करे दूसरों का सहयोग करके प्रसन्नता प्राप्त करें।

## 5) प्रकृति के समीप

जितना आप प्रकृति के नजदीक जाऐगे उतनी ही प्रसन्नता बढ़ती जाऐगी। सुबह सूर्योदय के समय क़िसी गार्डन में पेड, पौधो, पक्षियों की मधुर आवाजों के बीच मन को जो प्रसन्नता मिलती है उतनी किसी बेहद शानदार एयरकंडिशन सभागार जिसमें दमदार म्युजिक बज रहा है, और अनेकानेक बत्तियां जल रही है । वहां भी नहीं मिलती है क्योंकि कुछ समय बाद में ये बत्तियां, म्युजिक व ठंडक सब चूभने लगते हैं, और प्रसन्नता खिन्नता का रूप लेना शुरू कर देती है । अतैव यदि स्थाई प्रसन्नता पाना है तो प्रकृति के समीप रहना चाहिए अर्थात पहाड, नदियां, मैदान, पेड, पौधे, रमणीय व दर्शनीय स्थान अपना गांव, शहर सब प्रसन्नता बढ़ाने वाले स्थान होते हैं।

इति शुभम्।

**रमेश मरदा, मुम्बई**
सामाजिक व मोटिवेशनल चिंतक
मो. 9821098196

From Pg.1

# मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**वर्ष 2021-22 के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा।**

Jr. KG to 9th Std. - Grade A/75% & above

10th Std. (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) - 85% & above

**कांदिवली (पू.)**
प्रेम तापड़िया - 98690 64553
कृष्णा काबरा - 93236 20237

**कांदिवली (प.)**
सम्पत भट्टड़ - 98697 98705
योगेन्द्र करवा - 98212 68271

**मालाड (पू.)**
श्याम सोढ़ानी - 98333 07697
सुनिता सारड़ा - 93247 48773

**मालाड (प.)**
शशी गट्टानी - 90045 59412
सुशिला काबरा - 98190 04363

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

रवि भट्टड - कार्यक्रम संयोजक - 98331 84392

आपसे निवेदन है कि वर्ष 2021-22 की मार्कशीट की Xerox copy, अपना नाम, मो.नं. व फोटो निम्नलिखित कार्यकर्ता के पास दि. 5 नवम्बर 2022 तक जमा करें। या WhatsApp पर भेजे।

From Pg.1

# घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों

## द्वारा आयोजित

# वार्षिकोत्सव, विद्यार्थी अभिनन्दन एवम् दीपावली स्नेह मिलन

**इस अवसर पर निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया जायेगा।**

**Jr. KG to 4th Std. Grade A & above**

**5th Std to 10th Std. (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) - 85% and above**

कृपया वर्ष 2021-22 की मार्कशीट की Self Attested Copy अपना नाम,
मोबाईल नं व फोटो सहित दि. 3 नवम्बर तक निम्नलिखित कार्यकर्ता के WhatsApp पर जमा करें ।

मनोज बजाज - 98215 19700 • रचना फाफट - 98211 05464 • सीमा मालानी – कार्यक्रम संयोजिका – 93246 38256

# मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

# दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट प्रसाद एवं मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन

**इस अवसर पर निम्नलिखित नियमों के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 के मेधावी विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया जायेगा।**

**Jr. KG to 4th Std. Grade A & above**

**5th Std to 10th Std. (SSC/ICSE/CBSE & Equivalent) - 85% and above**

**रविवार, दि 30 अक्टूबर 2022 सायं 6 बजे**

**स्थल :** पार्टी हॉल पोडियम,
लोटस एनपार रेसीडेन्सी, 45, हनुमान लेन, लोअर परेल (प.)

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समिति | भगवान भूरा | राजेश लोया |
| मध्य मुम्बई महिला समिति | सुषमा जाजू | मंजु तोषनीवाल |
| मध्य मुम्बई युवा समिति | प्रशान्त लाहोटी | प्राची जाजू |

निलय राठी - कार्यक्रम संयोजक

कृपया वर्ष 2021-22 की मार्कशीट की Self Attested Copy अपना नाम, मोबाईल नं व फोटो सहित दि. 25 अक्टूबर तक निम्नलिखित कार्यकर्ता के WhatsApp पर जमा करें ।

राजेश लोया - 98200 49558
निलय राठी - 98195 14099

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

# वर्ष 2022 में सम्मानित - मुम्बई के अनमोल रत्न (वर्ष 2019-20)

| NO. | NAME | EDUCATION | CGPA/% | MEDAL |
|---|---|---|---|---|
| 01. | दीपक बाबुलालजी करवा (Goregaon)<br>(श्रीमती कान्तादेवी कमलकिशोरजी धूत की ओर से एवं स्व. श्रीमती लीलावतीजी घनश्यामदासजी लड्ढा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | IAS | 48th Rank | Gold |
| 02. | डॉ. श्रेया हेमन्तजी मनिहार (Goregaon)<br>(श्री श्रीगोपाल पुषारामजी माहेश्वरी की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | MBBS | 81.38 | Gold |
| 03. | कु. आंचल कमलजी कासट (Goregaon)<br>(स्व. श्रीमती लीलादेवी शंकरलालजी धूत की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.E (Comp.Engg.) | 9.43 | Gold |
| 04. | श्रेय किर्तीजी लढ्ढा (Matunga)<br>(श्रीमती रामेश्वरीबाई गणपतलालजी बजाज (हैदराबाद) की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.E (Electro. & Tele.) | 8.49 | Gold |
| 05. | जय महेशजी लोहिया (Kandivali)<br>(स्व. कान्ता माणकचन्द हुरकट की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.E (Elec. & Electro.) | 6.58 | Gold |
| 06. | पार्थ ईश्वरप्रकाशजी मंत्री (Malad)<br>(स्व. श्री गोकुलदासजी कलंत्री की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.E (Comp.Engg.) | 8.34 | Silver |
| 07. | निकुंज मदनमोहनजी मोहता (Bhandup)<br>(स्व. श्री रामेश्वरजी चुन्नीलालजी नावंदर की पुण्य स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Tech (Civil Engg.) | 7.99 | Gold |
| 08. | शिवम दिलीपजी समदानी (Andheri)<br>(स्व. श्री नंदलालजी लढा (मकराने वाले) की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Tech (Comp. Sci.) | 9.18 | Gold |
| 09. | कु. स्नेहा अनिलजी रान्दड़ (Goregaon)<br>(स्व. श्री मख्खनलालजी दम्मानी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Tech (Elec. & Tele.) | 8.88 | Gold |
| 10. | कु. जानवी अरविन्दजी झंवर (Andheri)<br>(श्रीमती शान्तादेवी रामजीवनजी दरक की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | MBA Tech | 3.40 | Gold |
| 11. | सुयश सतिशजी पसारी (Goregaon)<br>(श्रीमती शकुन्तला डॉ. बजरंगलालजी माहेश्वरी की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Tech (Comp. Sci.) | 7.80 | Gold |
| 12. | आदित्य बनवारीलालजी माहेश्वरी (Worli)<br>(श्री सुशीलजी झंवर (मुम्बई) की ओर से एवं स्व. शिवचन्दजी रामचन्दजी पचीसिया की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | CA | 64.50 (48th Rank) | Gold |
| 13. | कु. प्रियंका राजेशजी मूंद्रा (Kandivali)<br>(स्व. श्रीमती जमना रामेश्वर नावंदर की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | CA | 55.50 | Silver |
| 14. | श्रीमती कृतिका सुनिलजी नवल (Thane)<br>(श्री रविन्द्रजी मूना की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | MBA | 3.50 | Gold |
| 15. | कु. किर्तिका अनिलजी तोतला (Goregaon)<br>(स्व. श्री रामेश्वरलालजी झंवर की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | MBA | 7.27 | Silver |
| 16. | कु. खुशबू मदनमोहनजी मोहता (Bhandup)<br>(स्व. डॉ. कृष्णकुमारजी माहेश्वरी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | MA (Yoga) | 9.35 | Gold |

| NO. | NAME | EDUCATION | CGPA/% | MEDAL |
|---|---|---|---|---|
| 17. | अनमोल जयप्रकाशजी जाजु (Mira Road)<br>(स्व. श्रीमती अंजु प्रभातजी माहेश्वरी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | M.Com | 8.81 | Gold |
| 18. | वरूण अरूणकुमारजी मालपानी (Goregaon)<br>(श्रीमती द्रोपदीदेवी मोहनलालजी राठी (बडमेर निवासी) की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | M.Com | 8.19 | Silver |
| 19. | कु. शिवानी बिपिनचन्द्रजी काबरा (Sion)<br>(स्व. पुज्यनीय श्री रमेशचन्द्रजी ज्वालाप्रसादजी मूना की स्मृति में एवं स्व. डॉ. कृष्णकुमारजी माहेश्वरी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | BA & LLB | 6.24 | Gold |
| 20. | श्रीमती रितिका अनिकेतजी बंग (Mahalaxmi)<br>(स्व. श्री जोरावरमलजी झंवर की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | LLB | 75.00 | Silver |
| 21. | श्लोक रमेशजी डागा (Borivali)<br>(स्व. श्रीमती संगीता संजयजी राठी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | Diploma in Comp.Engg. | 92.71 | Gold |
| 22. | वेदान्त संदीपजी लड्डा (Ghatkopar)<br>(श्रीमती कमला आर. सोमानी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | Diploma | 81.00 | Silver |
| 23. | वेदान्त प्रकाशजी मानधना (Lower Parel)<br>(स्व. श्रीमती पार्वतीदेवी नथमलजी चांडक की पुण्य स्मृति में एवं स्व. श्री नरेन्द्रकुमारजी गणेशदासजी चांडक की पुण्य स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Com | 9.54 | Gold |
| 24. | कु. आरती गोपीकिशनजी झँवर (Mira Road)<br>(स्व. श्री नरेन्द्रकुमारजी गणेशदासजी चांडक की पुण्य स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Com | 9.50 | Gold |
| 25. | कु. गीतिका महेन्द्रजी सिंघी (Kandivali)<br>(सेठ तेजोमल गोपालदास चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एवं स्व. गुलाबचन्दजी रतनीदेवी बंग की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Com | 9.43 | Gold |
| 26. | कु. नित्या गणेशजी चाण्डक (Malad)<br>(सेठ तेजोमल गोपालदास चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Com | 9.10 | Gold |
| 27. | कु. गरिमा रमेशजी कोठारी (Goregaon)<br>(स्व. श्री मिश्रीलालजी सारड़ा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | B.Com | 8.83 | Silver |
| 28. | राघव अनिलजी रान्दड़ (Goregaon)<br>(स्व. श्री रामप्रसादजी घासीलालजी मुन्धड़ा (भादलिया नौसर निवासी) की पुण्य स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 98.54 | Gold |
| 29. | प्रज्वल माहेश्वरी (Mira Road)<br>(स्व. श्रीमती रूक्मादेवी रामप्रसादजी मुन्धड़ा की पुण्य स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 97.80 | Gold |
| 30. | कु. प्राची राजरतनजी दमानी (Borivali)<br>(स्व. श्रीमती पार्वतीदेवी नथमलजी चांडक की पुण्य स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 97.50 | Gold |
| 31. | सौम्य विजयजी मुंदड़ा (Kandivali)<br>(स्व. श्री पवन प्रेमनारायणजी काबरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 95.00 | Gold |
| 32. | कु. विधी सुरेन्द्रजी काबरा (Malad)<br>(स्व. श्री पवन प्रेमनारायणजी काबरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 94.22 | Gold |

| NO. | NAME | EDUCATION | CGPA/% | MEDAL |
|---|---|---|---|---|
| 33. | सुरज विजयजी फलोड (Kandivali)<br>(स्व. श्री पवन प्रेमनारायणजी काबरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 91.63 | Silver |
| 34. | मीत हेमन्तजी मनिहार (Goregaon)<br>(स्व. श्री पवन प्रेमनारायणजी काबरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 88.22 | Silver |
| 35. | ऋषि दिनेशजी सोधानी (Malad)<br>(स्व. श्री बंशीलालजी मालू की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Sci) | 87.81 | Silver |
| 36. | कु. रितिका रामकिशोरजी सोमानी (Bhandup)<br>(स्व. श्री झाबरमलजी साबू की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 96.44 | Gold |
| 37. | कु. निष्ठा गौरीशंकरजी तोषनीवाल (Kandivali)<br>(स्व. श्री श्रीनिवासजी बद्रीनारायणजी सोमानी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 95.60 | Gold |
| 38. | अनुराग राजेशजी काबरा (Goregaon)<br>(स्व. श्रीमती केसरदेवी रामनिवासजी हुरकट की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 93.00 | Gold |
| 39. | कु. काश्वी प्रकाशजी चेचाणी (Andheri)<br>(स्व. श्री चैनरूपजी तापड़िया की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 92.44 | Gold |
| 40. | कु. श्रेया दीपकजी सोमानी (Borivali)<br>(स्व. श्री झुमरलालजी मोहनलालजी भंडारी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 92.20 | Gold |
| 41. | आशिष दीपकजी साबू (Kandivali)<br>(स्व. श्रीमती जानकीदेवी लक्ष्मीनारायणजी भूतड़ा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 92.00 | Gold |
| 42. | कु. जान्हवी दीपकजी असावा (Malad)<br>(स्व. श्री मथुरादासजी मालू की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Comm) | 91.11 | Gold |
| 43. | कु. तितिक्षा सुनिलजी काबरा (Goregaon)<br>(स्व. श्री रामकरणजी लक्ष्मीनारायणजी बाहेती की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Arts) | 90.44 | Gold |
| 44. | कु. कृतिका अजयजी साबू (Parel)<br>(स्व. दीनदयालजी कन्हैयालालजी मालपानी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 12th (Arts) | 89.55 | Gold |
| 45. | कु. ऋचा दीपकजी असावा (Malad)<br>(स्व. श्री पवन प्रेमनारायणजी काबरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 100 | Gold |
| 46. | मयंक ओमप्रकाशजी चाण्डक (Andheri)<br>(स्व. श्री मंगलचन्दजी गग्गड़ की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 100 | Gold |
| 47. | कु. सिया मनिषजी दरक (Borivali)<br>(स्व. श्री यादवजी झंवर की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 99.40 | Gold |
| 48. | कु. मुस्कान ओमप्रकाशजी चाण्डक (Andheri)<br>(स्व. श्रीमती रतनबाई पुषारामजी जैथलिया की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 99.20 | Gold |
| 49. | कु. अर्पिता जयप्रकाशजी डागा (Kandivali)<br>(स्व. श्रीमती रतनबाई पुषारामजी जैथलिया की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 99.00 | Gold |

| NO. | NAME | EDUCATION | CGPA/% | MEDAL |
|---|---|---|---|---|
| 50. | कु. संस्कृति संजयजी नावंदर (Bhandup)<br>(स्व. श्रीमती रतनबाई पुषारामजी जैथलिया की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 99.00 | Gold |
| 51. | श्रवण संजयजी सोमानी (Bhandup)<br>(स्व. श्री बालकिशनजी जयनारायणजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 99.00 | Gold |
| 52. | वरूण मधुसूदनजी सारड़ा (Malad)<br>(स्व. श्रीमती काशीदेवी बालकिशनजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 99.00 | Gold |
| 53. | कु. प्रांजल श्रीमोहनजी राठी (Borivali)<br>(श्रीमती रूपालीदेवी मदनलाल नुवाल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 98.80 | Gold |
| 54. | केशव प्रमोदजी नवाल (Borivali)<br>(श्रीमती रूपालीदेवी मदनलाल नुवाल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 98.20 | Gold |
| 55. | कु. सिद्धी प्रहलादजी मालीवाल (Borivali)<br>(स्व. श्रीमती भवरीबाई अटल की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 97.60 | Gold |
| 56. | कु. मानवी मोनिलजी भाला (Juhu)<br>(स्व. श्रीमती भवरीबाई अटल की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 97.40 | Gold |
| 57. | ओजस दीपकजी माहेश्वरी (Dadar)<br>(स्व. श्री श्रीनिवासजी अटल की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 97.40 | Gold |
| 58. | आकाश अजयजी फलोड (Kandivali)<br>(श्रीमती पानादेवी गणेशदासजी चांडक की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 97.40 | Gold |
| 59. | आयु उमेशजी फलोड (Dahisar)<br>(श्रीमती पानादेवी गणेशदासजी चांडक की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 97.40 | Gold |
| 60. | प्रणव रितेशजी राठी (Sion)<br>(स्व. श्री चतुर्भुजजी मुन्धड़ा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 96.80 | Gold |
| 61. | कपीश अजयजी बजाज (Andheri)<br>(स्व. श्री कृष्णगोपाल शिवशरणजी माहेश्वरी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 96.40 | Gold |
| 62. | कु. दिव्या संजयजी माहेश्वरी (Malad)<br>(स्व. श्री कृष्णगोपाल शिवशरणजी माहेश्वरी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 96.40 | Gold |
| 63. | गिरिराज नन्दकुमारजी काबरा (Malad)<br>(स्व. श्री हरगोविन्द बालकिशनजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 95.80 | Gold |
| 64. | अद्वय सचिनजी सोमानी (Sion)<br>(स्व. श्री हरगोविन्द बालकिशनजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 95.60 | Gold |
| 65. | श्लोक नवलकिशोरजी मालपानी (Goregaon)<br>(स्व. श्री हरगोविन्द बालकिशनजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 95.40 | Gold |
| 66. | वैभव धीरजजी बिर्ला (Kandivali)<br>(स्व. श्री हरगोविन्द बालकिशनजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 94.80 | Silver |

| NO. | NAME | EDUCATION | CGPA/% | MEDAL |
|---|---|---|---|---|
| 67. | गौरव समीरजी गग्गर (Mahalaxmi)<br>(स्व. श्री हरगोविन्द बालकिशनजी भूरा की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 94.40 | Silver |
| 68. | अमन किशनगोपालजी सोमानी (Thakurdwar)<br>(स्व. श्री रामप्रसाद रमाकिशनजी राठी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 94.40 | Silver |
| 69. | अनमोल मनोजजी बजाज (Vidyavihar)<br>(स्व. श्री रामप्रसाद रमाकिशनजी राठी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 93.40 | Silver |
| 70. | कु. युतिका रामकुमारजी दम्माणी (Andheri)<br>(श्री श्यामलालजी मोहनलालजी दम्मानी की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 92.40 | Silver |
| 71. | हर्षित अमितजी भांगरिया (Borivali)<br>(स्व. श्री रामप्रसाद रमाकिशनजी राठी की स्मृति में आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 91.40 | Silver |
| 72. | कु. आस्था सुनिलजी नवल (Thane)<br>(श्री किशनलालजी मुन्धड़ा की ओर से आपको नगद पुरस्कार दिया गया।) | 10th | 90.00 | Silver |

## सम्पन्न कार्यक्रम

घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा विजया दशमी के पावन पर्व पर बुधवार दि. 5 अक्टूबर 2022 को घाटकोपर भवन में आयोजित सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन बहुत भक्ति भाव व हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डोंबिवली से पधारे श्री सुन्दरकाण्ड मित्र मण्डल समिति के सदस्यों द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड का पठन हुआ जिसमे श्री सत्यनारायणजी सारड़ा एवं उनके साथियों का सहयोग सराहनीय रहा। लगभग 75 समाजबन्धुओं ने इस आयोजन का लाभ लिया।

**नवनीत लोया - संयोजक**

मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला एवं युवा समितियों के संयुक्त तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर डांडिया एवं गरबा रास का कार्यक्रम दि. 9 अक्टूबर 2022 को बेंक्वेट ट्रिवाडिया, व्यु पॉइन्ट, प्रभादेवी में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का उपहार देकर अभिनन्दन किया गया। लगभग 225 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।

**प्राची जाजु - संयोजिका**

घाटकोपर क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर दि. 8 अक्टूबर 2022 को घाटकोपर भवन में आयोजित डांडिया गरबा रास का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं का उपहार देकर अभिनन्दन किया गया। लगभग 80 समाजबन्धुओं ने इसका लाभ लिया।

**विनीत बियानी - संयोजक**

